INTERMEDIATE (IPC)

GROUP I - PAPER 2

BUSINESS LAWS, ETHICS AND COMMUNICATION

MAY 2013

Roll No. ..............................

Total No. of Questions – 7

Total No. of Printed Pages – 8

Time Allowed – 3 Hours

Maximum Marks – 100

# BRS-H

Answers to questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi medium, his answers in Hindi will not be valued.

Question No. 1 is compulsory.

Attempt any **five** Questions from the remaining **six** Questions.

**Marks**

1. (a) Mr. D started "Self-Service" system in his shop. Mr. A entered the shop, took a basket and after taking article of his choice into the basket reached the cashier for payments. The cashier refused to accept the price. Can Mr. D be compelled by Mr. A to sell the said article ? Decide. **5**

(b) Explain the provisions relating to powers and functions of an inspector under the Payment of Bonus Act, 1965. **5**

(c) State with the reasons whether the following statements are correct or incorrect :

(i) Issue of debenture with voting rights is not permissible. **2**

(ii) If a registerable charge is not registered, the debt is not recoverable. **3**

(d) State suggested guidelines to handle communication ethics dilemmas. **5**

**Marks**

2. (a) X is employed in ABC Ltd., a seasonable establishment. The factory was in operation for four months during the financial year 2010-11. X was not in continuous service during this period. However, he has worked for sixty days. Referring to the provisions of the Payment of Gratuity Act, 1972 decide whether X is entitled to gratuity payable under the Act. Would your answer be the same in case X works for 100 days ? **4**

(b) Distinguish between "Negotiability" and "Assignability". **4**

(c) Can a company limited by shares or guarantee and having share capital reduce its share capital ? **4**

(d) Distinguish between 'Moral' and 'Ethics'. **4**

3. (a) Discuss in detail the guidelines for managing ethics in workplace. **8**

(b) To remove the Managing Director, 49% members of A Ltd. submitted requisition for holding extra-ordinary general meeting. The company failed to call the said meeting and hence the requisitionists held the meeting. Since the Managing Director did not allow the holding of meeting at a registered office of the company, the said meeting was held at some other place and a resolution for removal of the Managing Director was passed. Examine the validity of the said meeting and resolution passed therein in the light of the Companies Act, 1956. **4**

(c) K is the wife of A. She purchased a saree on credit from B. B demanded the amount from A. A refused to make the payment. B filed a suit against A for the same amount. Decide in the light of provisions of the Indian Contract Act, 1872 whether B would succeed. **4**

Marks

4. (a) Discuss various steps required for e-filing. 8

(b) What do you understand by 'Quasi-Contract' ? Discuss. 4

(c) Define material alteration under The Negotiable Instruments Act, 1881 and give examples. 4

5. (a) What do you understand by "Lease deed" ? Draft a lease deed assuming necessary facts. 8

(b) Article of a public company clearly stated that Mr. L will be the Solicitor of the company. The company in its general meeting of the shareholders resolved unanimously to appoint Mr. M in place of Mr. L as the Solicitor of the company by altering the articles of association. State with reasons, whether the company can do so ? If L files a case against the company for removal as a Solicitor, will he Succeed ? 4

(c) XYZ Ltd. issued a prospectus inviting the public for subscription of its equity shares stating in it that company possesses good financial health and paying dividends to its equity shareholders consistently and regularly @ 20 percent over the last five years. The fact was, company was running in loss since last three years and it was paying dividends to its shareholders out of accumulated profits. Mr. Amit read the prospectus and bought 500 shares from the company. Discovering the mis-statement made by the company in the prospectus, he wants to rescind the contract and claim the damages from the company. 4

Referring the provisions of The Companies Act, 1956, decide, whether Mr. Amit will succeed.

**Marks**

6. (a) K Ltd. was in the process of incorporation. Promoters of the company signed an agreement for the purchase of certain furniture for the company and payment was to be made to the suppliers of furniture by the company after incorporation. The company was incorporated and the furniture was received and used by it. Shortly after incorporation, the company went into liquidation and the debt could not be paid by the company for the purchase of the above furniture. As a result supplier sued the promoters of the company for the recovery of money. **8**

Examine whether promoters can be held liable for the payment under the following situations :

(i) When the company has already adopted the contract after incorporation ?

(ii) When the company makes a fresh contract with the suppliers in substitution of pre-incorporation contract ?

(b) What is "critical thinking" ? Define. **4**

(c) Explain five sources of ethical standards. **4**

7. Answer any **four** of the following :

(a) State reasons for selecting "oral mode of communication". **4**

(b) "Corporate governance is about promoting corporate fairness." Discuss. **4**

(c) Discuss various elements that can be used to describe or influence organizational culture. **4**

(d) Explain the Employees' Deposit Linked Insurance (Amendment) Scheme, 2011 under the Employees' Provident Funds and Miscellaneous Provisions Act, 1952. **4**

(e) Discuss the concept of "Healty Competition" and "Protecting Consumer's Interest". **4**

**(Hindi Version)**

उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देना है ।

वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है,

तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।

प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है ।

शेष छ: प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**Marks**

1. (अ) मिस्टर D ने अपनी दुकान में "स्वत:-सेवा" व्यवस्था प्रारम्भ की । मिस्टर A ने दुकान में प्रवेश किया, एक टोकरी ली तथा अपनी पसन्द का सामान टोकरी में रखने के बाद, खजांची के पास भुगतान करने हेतु पहुँचा । खजांची ने पैसे लेने से मना कर दिया । क्या मिस्टर D को, मिस्टर A सामान बेचने के लिए विवश कर सकता है ? **5**

(ब) बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 के अन्तर्गत निरीक्षक की शक्तियों एवं कार्यों से सम्बन्धित प्रावधानों को स्पष्ट कीजिए । **5**

(स) कारणों सहित बतलाइये कि क्या निम्नलिखित कथन सही अथवा गलत है –

(i) डिबेंचर को मताधिकार के साथ जारी करना मान्य नहीं है । **2**

(ii) यदि पंजीकरणीय भार को पंजीकृत नहीं करवाया जाता, तो ऋण को वसूल नहीं किया जा सकता । **3**

(द) संचार में नीतिपरक व्यवहार की दुविधाओं को संभालने के लिए मार्गदर्शन को बतलाइये । **5**

Marks

2. (अ) X, ABC Ltd. जो एक मौसमी स्थापन है, में नियोजित है । वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान कारखाना चार महीनों के लिए क्रियाशील (चला) था । X इस दौरान निरन्तर सेवा में नहीं था, फिर भी उसने 60 दिन काम किया । उपादान अधिनियम, 1972 के उपबन्धों को सन्दर्भित करते हुए विनिश्चित कीजिए, कि क्या X अधिनियम के अन्तर्गत उपादान के लिए योग्य है । क्या आपका जवाब वही होगा, यदि X 100 दिन काम करता है ? 4

(ब) परक्राम्यता एवं समनुदेशनीयता में भेद बतलाइये । 4

(स) क्या अंशों द्वारा सीमित अथवा अंश पूँजी रखने वाली गारन्टी द्वारा सीमित कम्पनी, अपनी अंश पूँजी को घटा सकती है ? 4

(द) नैतिकता एवं नीतिशास्त्र में भेद बतलाइये । 4

3. (अ) कार्य स्थल पर नीति के प्रबन्धन हेतु मार्गदर्शन की विस्तार से चर्चा कीजिए । 8

(ब) प्रबन्ध निदेशक को पद से हटाने के लिए A लिमिटेड के 49% सदस्यों ने असाधारण सभा बुलाने की माँग की । कम्पनी उक्त सभा बुलाने में असफल रही, अत: सभा बुलाने की माँग करने वाले सदस्यों ने स्वयं सभा आयोजित की । क्योंकि प्रबन्ध निदेशक ने पंजीकृत कार्यालय में कम्पनी द्वारा सभा आयोजित करने की अनुमति नहीं दी, अत: यह सभा किसी अन्य स्थान पर की गई, जहाँ प्रबन्ध निदेशक को हटाने का संकल्प पारित किया गया । उक्त सभा तथा उसमें पारित संकल्प की वैधता की जाँच कम्पनी अधिनियम, 1956 को ध्यान में रखते हुए कीजिए । 4

(स) K, A की पत्नी है । उसने B से एक साड़ी उधार पर क्रय की । B ने A से साड़ी की रकम देने की मांग की । A ने भुगतान करने से मना कर दिया । B ने A के विरुद्ध उस रकम का दावा संस्थित किया । भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए विनिश्चित कीजिए कि क्या B सफल होगा । 4

Marks

4. (अ) ई-फाईलिंग हेतु लिए जाने वाले आवश्यक कदमों की चर्चा कीजिए । 8

(ब) 'अर्द्ध संविदा' से आप क्या समझते हैं ? चर्चा कीजिए । 4

(स) परक्राम्य विलेख अधिनियम, 1881 के अन्तर्गत सारवान तब्दीली को बतलाइये । उदाहरण दीजिए । 4

5. (अ) "पट्टा विलेख" से आप क्या समझते हैं ? आवश्यक तथ्यों की धारणा करते हुए एक पट्टा विलेख का प्रारूप तैयार कीजिए । 8

(ब) एक सार्वजनिक कम्पनी के अन्तर्नियमों में यह स्पष्ट रूप से लिखा गया कि मिस्टर L कम्पनी के वकील होंगे । कम्पनी ने अंशधारियों की साधारण सभा में कम्पनी के अन्तर्नियमों में परिवर्तन करके एकमत से यह निर्णय लिया गया कि L के स्थान पर M कम्पनी के वकील होंगे । कारणों सहित बतलाइये कि क्या कम्पनी ऐसा कर सकती है । यदि L, कम्पनी के विरुद्ध वकील के पद से हटाने का वाद दायर करता है, तो क्या वह सफल होगा ? 4

(स) XYZ लिमिटेड ने अपने समता अंश में अभिदान करने हेतु एक प्रोस्पेक्टस जनता को आमंत्रित करने हेतु जारी किया, जिसमें यह बताया गया कि कम्पनी की वित्तीय स्थिति अच्छी है तथा समता अंशधारकों को निरंतर एवं नियमित रूप से 20% से लाभांश पिछले 5 वर्षों से दे रही है । वास्तविक रूप में कम्पनी पिछले तीन वर्षों से हानि में चल रही थी तथा यह अपने अंशधारियों को लाभांश, संचित लाभ में से दे रही थी । मिस्टर अमित ने प्रोस्पेक्टस को पढ़ा, तथा 500 अंश कम्पनी से खरीदे । कम्पनी द्वारा भ्रामक प्रविवरण की जानकारी होने के बाद वह संविदा का विखंडन तथा कम्पनी के विरुद्ध क्षतिपूर्ति का दावा करना चाहता है । 4

कम्पनी अधिनियम, 1956 के उपबन्धों को संदर्भित करते हुए विनिश्चित कीजिए कि क्या मिस्टर अमित सफल होगा ।

Marks

6. (अ) K लिमिटेड निगमन की प्रक्रिया में थी । कम्पनी के प्रवर्तकों ने कम्पनी द्वारा कुछ फर्नीचर खरीदने हेतु एक करार किया तथा फर्नीचर आपूर्तिकर्ता को भुगतान, कम्पनी द्वारा निगमन होने के बाद करना था । कम्पनी का निगमन हो गया तथा कम्पनी द्वारा फर्नीचर प्राप्त कर, फर्नीचर कम्पनी ने उपयोग में ले लिया । निगमन के कुछ समय बाद ही कम्पनी समापन में चली गई तथा उपर्युक्त फर्नीचर का भुगतान जो कम्पनी ने खरीदा था, कम्पनी द्वारा नहीं चुकाया गया । इस कारण फर्नीचर की आपूर्ति करने वाले ने फर्नीचर का भुगतान वसूल करने के लिये कम्पनी के प्रवर्तकों के विरुद्ध वाद दायर किया । 8

इसकी जांच कीजिए कि क्या निम्नलिखित परिस्थितियों में प्रवर्तक भुगतान के लिए दायी ठहराये जा सकते हैं :

(i) जब कम्पनी के निगमन के पश्चात् इस अनुबन्ध को पहले से ही अपना लिया ।

(ii) जब कम्पनी ने फर्नीचर आपूर्तिकर्ता के साथ पूर्व निगमन प्रतिस्थापना के तहत नया अनुबन्ध किया हो ।

(ब) "समीक्षात्मक चिन्तन" से आप क्या समझते हैं ? बतलाइये । 4

(स) नीतिशास्त्र मानकों के पाँच स्रोतों को स्पष्ट कीजिए । 4

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** का जवाब दीजिए :

(अ) "मौखिक संचार का साधन" चुनने का कारण बतलाइये । 4

(ब) "निगमित प्रशासन, निगमित ऋजुता" को प्रोत्साहित करने के लिए है । चर्चा कीजिए । 4

(स) संगठनात्मक संस्कृति को वर्णन करने या प्रभावित करने वाले अनेक तत्वों की चर्चा कीजिए । 4

(द) कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के अन्तर्गत कर्मचारी जमा सम्बद्ध बीमा-योजना (संशोधन) योजना, 2011 को स्पष्ट कीजिए । 4

(इ) "स्वस्थ प्रतिस्पर्धा" और "उपभोक्ता हित संरक्षण" की अवधारणा की चर्चा कीजिए । 4

---